>

Title: Need to make law 'Voilence Against Doctors' to protect doctors from violence.

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज):** महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश में डॉक्टर्स पर हो रहे वॉयलेंस, एसॉल्ट और संपत्ति के नुकसान एवं कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के दुरुपयोग की ओर दिलाना चाहता हूं।

मैं पेशे से डॉक्टर हूं। मेरी स्पेशिएलिटी सर्जरी है। मैंने बहुत करीब से देखा और महसूस किया है कि आज डॉक्टर्स अपने को जोखिम में डालकर भयपूर्ण माहौल में काम कर रहे हैं। इसके दो मुख्य कारण हैं, पहला है - वॉयलेंस अगेंस्ट डॉक्टर्स एवं उनकी संपत्ति का नुकसान एवं कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट का दुरुपयोग। बिहार में चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए माननीय नितीश कुमार जी ने बिहार मेडिकल सर्विस इंस्टीट्यूशन एंड पर्सन प्रोटेक्शन एक्ट रूल लागू किया है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट से डॉक्टर्स को अलग किया जाए और वॉयलेंस अगेंस्ट डॉक्टर्स के लिए सख्त कानून बनाकर कड़ी सज़ा का प्रावधान किया जाए। जैसे पैनडेमिक में किया गया है उसी तरह के कानून बनाएं जाएं ताकि डॉक्टर्स भयमुक्त होकर मरीजों की सेवा करने में पूरी क्षमता का इस्तेमाल कर सकें और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सकें।